



# चंद मिनटों में 30 लाख के जेवरात चुराकर हुए फरार

**खास बातें**

- रायसेन, छिंदवाड़ा और बैतूल के निकले आरोपी
- 160 से ज्यादा लोगों से की पूछताछ तब जाकर मिले आरोपियों के सुराग



नवभारत न्यूज

**विदिशा 26 नवम्बर, विगत दिनों एसएटीआई कालेज के सामने सिविल लाइन रोड पर सूने आवास का ताला तोड़कर करीब 30 लाख के जेवरात और नगदी चोरी होने का मामला सामने आया था. जिस पर सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी.**

इस मामले में पुलिस ने शहर समेत आसपास के करीब 200 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खंगाले थे और 150 से लोगों से पूछताछ की थी जिसमें पुलिस को कई अहम सुराग मिले थे जिसके आसपर पर पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार कर पूछताछ की जिसमें आरोपियों ने चोरी करने की बात कुबूल की और उनके पास से करीब 30.60 लाख की ज्वेलरी व नकदी बरामद की है. बुधवार को एसपी रोहित काशवानी ने मामले का खुलासा किया है.

पुलिस इन आरोपियों को किया गिरफ्तार जिनमें प्रवीण लांजीवर, निवासी बैतूल, सतीश परमार, निवासी रायसेन, मोहम्मद काशिफ, निवासी छिंदवाड़ा, प्रांजल चौहान, निवासी रायसेन सभी आरोपियों के खिलाफ पहलेभी कई जिलों में आपराधिक प्रकरण दर्ज पाए गए हैं. पुलिस ने आरोपियों से नगदी 1 लाख 43 हजार , सोने के 4 कंगन, सोने की 1 चैन, कुल 30 से अधिक सोने-चांदी के आइटम जिसकी अनुमानित कीमत करीब 30 लाख 60 हजार रुपए आंकी गई है जिसे पुलिस ने आरोपियों से बरामद किया है.

## फिंगरप्रिंट, तकनीकी विश्लेषण व पूछताछ ने खोला राज

पुलिस की जांच के दौरान पुलिस ने करीब 200 फिंगरप्रिंट वीडियो फुटेज खंगाले, 160 से अधिक लोगों से पूछताछ की और तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण कर गिरोह की लोकेशन व पहचान सुनिश्चित की. फिंगरप्रिंट नेफीस, सोशल मीडिया इनपुट, मुखबिर सूचना और मैदानी तलाश के आधार पर पुलिस ने प्रदेश के अलग अलग जिले में रहने वाले4 आरोपियों को दबोचा 20 नबंवर को शेरपुरा मेन रोड स्थित राजेंद्र श्रीवास्तव जो किसी धार्मिक आयोजन में शामिल होने के लिए रिश्तेदार के यहां गए थे और मकान पर ताला लगाकर गए थे . वापस आने पर ताला टूटा मिला और घर का सामान बिखरा हुआ था.घर में रखी ज्वेलरी और नगदी भी गायब थी.

# नाबालिग बालिका को सकुशल किया दस्तयाब

नवभारत न्यूज

**सिरोंज 26 नवम्बर, विदिशा पुलिस द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान के तहत जिले में गुम एवं अपहृत बालक-बालिकाओं तथा गुम व्यक्तियों की खोज कर उन्हें सुरक्षित उनके परिवारों से मिलवाया जा रहा है.**

विदिशा पुलिस बाजारों, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से गुम होने वाले बच्चों की तलाश में निरंतर संवेदनशील एवं प्रभावी कार्रवाई कर रही है.

**जिले में अब तक 343 से अधिक गुम, अपहृत बालक-बालिकायें दस्तयाब**

विदिशा पुलिस द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान के अंतर्गत 1 जनवरी 2025 से अब तक 343 से अधिक गुम, अपहृत बालक-बालिकाओं को सफलता पूर्वक दस्तयाब कर सुरक्षित उनके परिजनों तक पहुँचाया गया है. 24 फरवरी को शिकायतकर्ता द्वारा अपनी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री के किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई गई. इस पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया. मामले में थाना सिरोंज पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई. टीम द्वारा सतत तलाश, तकनीकी विश्लेषण एवं थाना क्षेत्र में गहन पतारसी की गई. जिसके परिणामस्वरूप टीम ने 24 नवंबर को नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया.

## कांग्रेस की जिला समन्वयक समिति की बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी जिला विदिशा द्वारा बंदन मैरिज गार्डन में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई.जिसमें जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी, जिला कांग्रेस प्रभारी प्रभु सिंह ठाकुर, पूर्व सांसद प्रताप भानू शर्मा, पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कमल सिलाकारी, पूर्व विधायक पानबाई पंथी, रानी अहिरवार, गगनेंद्र सिंह रघुवंशी, सुभाष बोहत, प्रदेश सचिव मनोज कपूर, विकास शर्मा, अजय दांतरे, विनोद कुमार सेन, सुरेंद्र रघुवंशी, सीमा अहिरवार, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आकाश शर्मा, एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष पार्थ रघुवंशी, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष विनीत सिंह दांगी,गोविंद भार्गव, अंसार मंसूरी,पर्वत सिंह गोड़, आशीष माहेश्वरी, नवनीत सिंह कुशवाहा सहित सभी समन्वय समिति के सदस्यों ने बैठक में भाग लिया. जिसमें मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश अनुसार जिला समन्वय समिति की बैठक में रखे गए एजेंडे के बिंदु पर चर्चा हुई.



# अभाविप ने व्हीआईटी विश्वविद्यालय प्रशासन का पुतला किया दहन

नवभारत न्यूज

**विदिशा, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा विदिशा जिले की प्रत्येक इकाई में वीआईटी विश्वविद्यालय का पुतला दहन किया गया। विदिशा नगर मंत्री शास्त्री ने बताया हम सभी के संज्ञान में है की जिस प्रकार से बीते रात वीआईटी विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय प्रसाशन द्वारा वहां पढ़ाई कर रहे छात्रों से गलत व्यवहार किया गया है वह असहनीय है.**

पहले तो छात्रों को दूषित भोजन खिलाया गया, जिससे वहां के सैकड़ों छात्र ज्वाइंडिस जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित हो गए फिर उनके इलाज में लापरवाही सामने आती है और जब वहां के छात्र इसका विरोध करते हैं तो सुरक्षा कर्मियों के द्वारा बल प्रयोग करते हुए उन्हें बेरहमी से पीटा जाता है. बाथरूम में छात्रों की अश्लील वीडियो सामने आना. जिसमें कई छात्र गंभीर रूप से घायल हैं और तो और आनन फानन में छात्रों को अवकाश पर घर भेजा जाता है, लेकिन में बता वीआईटी प्रशासन को यह बता देना चाहता हूं कि विद्यार्थी परिषद के रहते हुए वहां के विद्यार्थियों का कोई बाल भी बांका नहीं कर सकता है और छात्रों को त्वरित रूप से न्याय मिलना चाहिए. विद्यार्थी परिषद द्वारा मध्य प्रदेश के सभी जिलों की इकाई में विश्वविद्यालय प्रशासन का पुतला दहन किया गया है.

## संविधान दिवस पर बाबा साहब को किया नमन

नवभारत न्यूज

**विदिशा**, बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्यों ने अहमदपुर चौराहे स्थित संविधान निर्माता डाक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा कि संविधान केवल वकीलों का दस्तावेज़ नहीं है बल्कि ये जीवन जीने का एक माध्यम है और इसकी भावना हमेशा एक समान रहती है.संविधान सभा के सभी महान नेताओं के बहुमूल्य योगदान को हम याद करतें हैं. महात्मा गांधी, पंडित जवाहरलाल नेहरु, सरदार वल्लभ भाई पटेल, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, मौलाना आज़ाद, राजेंद्र प्रसाद, सरोजिनी नायडू व बाबा साहेब अंबेडकर जैसे अनगिनत राष्ट्र नायकों ने नवीन भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई. आज हमें सबसे ज़्यादा ज़रूरत संविधान के बुनियादी सिद्धांतों न्याय, समानता, आज़ादी, परस्पर भाईचारा, धर्म निरपेक्षता और समाजवाद को बचाने की है। आज संविधान दिवस पर हम यह पुन॔ प्रण लेते हैं कि हम देश की एकता और अखंडता के लिये, प्रेम और भाईचारे के लिए, सौहार्द और सद्भाव के लिए लोकतंत्र और संविधान की स्वतंत्रता क़ायम रखेंगे. इस अवसर पर पूर्व जनपद अध्यक्ष रणधीर सिंह ठाकुर, सुभाष बोहत,विनीत दांगी, आशीष माहेश्वरी, नवनीत सिंह गुड्डा, रमेश तिवारी, अर्पित उपाध्याय, , राजकुमार पासी, बृजेंद्र वर्मा, उमराव कुशवाहा,जयंत अग्रवाल, दशरथ सेन, गोलु रघुवंशी आदि मौजूद थे.

# समय सीमा में समाधान न होने पर काली पट्टी बांधकर जताया विरोध



नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** म.प्र. वेयरहाउसिंग एवं लॉजिस्टिक कार्पोरेशन शाखा सिरोंज पर कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों ने धान एवं मोटे अनाज में भण्डारण लॉस-गेन मापदण्ड निर्धारण के संबंध में समय सीमा में समाधान नहीं किये जाने के फलस्वरुप फील्ड स्टॉफ एम्प्लाईज एसोसिएशन के आग्रह पर मध्यप्रदेश वेयर हाउसिंग कर्मचारियों ने बुधवार को हाथ पर काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया. जिसके अंतर्गत बुधवार को फील्ड स्टाफ द्वारा काली पट्टी बांधकर कार्य किया गया. वही 3 दिसंबर को वेयरहाउसिंग स्टाफ एवं फील्ड स्टाफ क्षेत्रीय कार्यालय, मुख्यालय का स्टाफ एक दिवस के लिए सामूहिक अवकाश पर रहेगा. वही उन्होंने बताया कि शासन, प्रबंधन द्वारा समाधान कारक निर्णय नहीं लेने की स्थिति में 5 दिसंबर से समस्त फील्ड स्टाफ शाखा अंतर्गत गोदामों की समस्त चाबियां क्षेत्रीय कार्यालय में जमा की जावेगी. और शाखा प्रबंधक, अधीनस्थ स्टॉफ स्वयं को भण्डारण कार्य से पृथक कर लेगें. जिसकी जबाबदारी शासन, प्रबंधन की होगी. इस मौके पर उन्होंने बताया कि फील्ड स्टॉफ एम्प्लाईज एसोसिएशन ने पत्र के माध्यम से धान एवं मोटे अनाज में भण्डारण लॉस-गेन के मापदण्ड के निर्धारण के संबंध में 25 नवंबर के पूर्व निर्णय लेने का आग्रह किया था. उक्त संबंध में जिला कलेक्टर को भी ज्ञापन प्रस्तुत किया गया. इस दौरान शासन, प्रबंधन द्वारा 25 नवंबर तक निर्णय नहीं लिए जाने की दशा में समस्त फील्ड स्टॉफ स्वयं को भण्डारण कार्य से पृथक कर क्रमबद्ध हडताल करने की बात कही गई थी. फील्ड स्टॉफ एम्प्लाईज एसोसिएशन की मांग पर विचार नहीं करने से फील्ड में पदस्थ समस्त कर्मचारियों में निराशा और आक्रोश की स्थिति है. जिसके बाद फील्ड स्टॉफ एम्प्लाईज एसोसिएशन द्वारा निगम एवं कर्मचारी हित में क्रमिक हडताल का निर्णय लिया गया. इस दौरान शाखा प्रबंधक आर.डी शर्मा, पवन कुमार माली, सेमी गवर्मेंट एम्प्लाइज फेडरेशन भोपाल के संभागीय अध्यक्ष गोलू यादव, ब्लॉक अध्यक्ष सिरोंज सुरेश कुशवाह, ब्लॉक अध्यक्ष कुरवाई मोनू मांझी आदि मौजूद रहे.



# एसआईआर फॉर्म भरने के लिए विधायक कर रहे नागरिकों को जागरूक

नवभारत न्यूज

**विदिशा,**निर्वाचक नामावली विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन वार्डो का दौरा कर एसआईआर फॉर्म भरने के लिए विधायक मुकेश टंडन कर रहे नागरिकों को जागरूक इसी क्रम में बुधवार को विदिशा के वार्ड नंबर 15 में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ द्वार द्वार पहुंच कर एसआईआर फार्म 4 दिसंबर के पहले जमा करने के लिए नागरिकों को जागरूक कर रहे और अगर किसी को समस्या आ रही है तो वह स्थानीय बीएलओ से संपर्क कर शीघ्र अपने अपने फार्म सही जानकारी के साथ जमा करें. उन्होंने बताया कि यह विशेष पुनरीक्षण अभियान मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन बनाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, जिसमें नागरिकों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है.

# नागरिक कर्तव्यों एवं अधिकारों पर हुई चर्चा

**संविधान दिवस पर बाल मित्र ग्रामों में हुआ जागरुकता कार्यक्रम**




नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा**, सत्यार्थी मूवमेंट फॉर ग्लोबल कम्पैशन द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर बाल मित्र ग्राम साहबा, भिलाय, स्यावदा, चौरावर, जरोदपुरा एवं ककरावदा में जनजागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय के लोगों में संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों एवं कर्तव्यों की समझ विकसित करना, तथा समाज में न्याय, समानता, शांति, स्थिरता और करुणा की भावना को प्रबल बनाना था.

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को विभिन्न गतिविधियों और संवाद के माध्यम से संवैधानिक मूल्यों की जानकारी दी गई तथा उन्हें एक जागरूक नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों, जिम्मेदारियों एवं सामूहिक योगदान के महत्व से अवगत कराया गया.इस अवसर पर समुदाय को संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण और पालन की शपथ भी दिलाई गई.कार्यक्रम में बाल मित्र ग्राम समूहों के सदस्य, युवाओं, महिलाओं एवं ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और संविधान में वर्णित मूल्य एवं सिद्धांतों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया.

# बड़े बेटे-बहू पर मां को प्रताड़ित कर घर से निकालने का आरोप

नवभारत न्यूज

**विदिशा 26 नवम्बर,** जिले की करैयाखेड़ा रोड राजा मढ़ैया की रहने वाली एक बुजुर्ग महिला लक्ष्मी बाई अहिरवार ने अपने बड़े बेटे रवि अहिरवार, बहू पूजा अहिरवार व अन्य पर प्रताड़ना और मारपीट कर घर से बेदखल करने का गंभीर आरोप लगाया है. महिला के अनुसार उसका छोटा बेटा व बहू पहले से ही अलग रहते हैं. आरोप है कि बड़े बेटे-बहू द्वारा उसे घर में रहने नहीं दिया जा रहा है. घर का ताला बदल दिया गया है और अंदर प्रवेश से भी रोका जा रहा है. महिला का कहना है कि उसकी बेटी के जाने के बाद बड़े बेटे-बहू ने उसे घर से निकाल दिया तथा धमकियां भी दीं. पीड़िता ने बताया कि इस मामले में वह तीन बार देहत थाना में रिपोर्ट दर्ज करा चुकी है, लेकिन कार्रवाई नहीं होने से वह परेशान है.महिला ने बताया कि बड़े बेटे ने 26 नवंबर को उसे व उसकी बेटी को मारपीट कर घर से बाहर निकाल दिया और जान से मारने की धमकी दी. बुजुर्ग महिला ने एसपी से न्याय की गुहार लगाते हुए कहा है कि वह बेसहारा है और मजदूरी कर जीवनयापन करती है. ऐसे में बड़े बेटे-बहू की प्रताड़ना व धमकियों से उसकी जान को खतरा बना हुआ है.

# सेंटमेरी कॉलेज में हर्षोल्लास से मनाया संविधान दिवस



नवभारत न्यूज

**विदिशा,** सेंट मैरी पीजी कॉलेज की एनएसएस इकाई, एनसीसी एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में 26 नवंबर को संविधान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. जिसमें अनुकृति द्वारा संविधान की स्थापना की जानकारी देते हुए इसकी विशेषताएं एवं दायित्वों की जानकारी छात्रों को दी गई। संस्था डीन फादर जीबी द्वारा उपस्थित छात्रों को संविधान उद्देशिका की जानकारी देते हुए अंबेडकर जी के योगदान की बात कही गई. प्रो. दीपा राठौर द्वारा संविधान की अवधि एवं अन्य जानकारी दी गई. इस अवसर पर छात्रों द्वारा अनेक गतिविधियों जैसे क्यूआर कोड द्वारा संविधान की क्विज प्रतियोगिता की गई.फादर सेंटो ने संविधान दिवस की बधाई देते हुए छात्रों को सामाजिक कार्यों एवं संवैधानिक नीतियों के प्रति जागरूक किया. इस अवसर पर सिस्टर प्रभावती, प्रो. अरविंद द्विवेदी, डॉ. सुनील दुबे, डॉ. दिनेश शाह, प्रो. मनीष शाह, प्रो. मनीष खेरा, प्रो. राजेश कौशल, प्रो. अजय सिंह राजपूत, कैप्टन रामानंद मिश्रा ने शपथ ली.

# त्रि-दिवसीय दिशाबोध शिविर का समापन

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** 24 से 26 नवम्बर तक आयोजित सरस्वती शिशु मंदिर के भैया-बहिनों का त्रि-दिवसीय दिशा बोध शिविर का बुधवार को समापन हुआ. जिसके समापन सत्र में आमंत्रित मुख्य अतिथि विद्या भारती की क्षेत्रीय सह मंत्री डॉ. पिंकेशलता रघुवंशी उपस्थित थीं.उन्होंने भैया बहिनों को मार्गदर्शित करते हुए कहा कि पंच परिवर्तन एक योजना के तहत जिसमें शामिल हैं स्व का बोध, नागरिक कर्तव्य, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता और कुटुम्ब प्रबोधन जिसका उद्देश्य युवाओं को भारतीय मूल्यों के साथ-साथ आधुनिक कौशल सिखाना और उन्हें एक जिम्मेदार नागरिक बनने और अपना आचरण ठीक रखने के लिए संकल्प लें.इसी क्रम में श्रेष्ठ परिणाम कैसे प्राप्त हो विषय पर प्राचार्य दिनेश शर्मा का सार्थक मार्गदर्शन प्राप्त हुआ. तदुपरांत भैया-बहिन परियोजना कार्य के लिए ऐतिहासिक स्थल विजय मंदिर भ्रमण पर गए। ज्ञातव्य हो कि अतिथि परिचय वरिष्ठ आचार्य रमेश राठौर एवं आभार राजकिशोर रैकवार ने व्यक्त किया.उल्लेखनीय है कि इस अवसर पर समिति सचिव उदय ढोली, तलैया विद्यालय के प्राचार्य आनन्द वर्मा, संरक्षक आचार्य के रूप में रंजना अभ्यंकर, प्रीति सक्सेना, ज्योतिषा श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे.

# आईएएस अधिकारी पर कार्रवाई की मांग

**सर्व समाज सवर्ण आर्मी ने मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन**



नवभारत न्यूज

**विदिशा, बुधवार को अजाक्स संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं आईएएस अधिकारी पर कार्रवाई की मांग को लेकर सर्व समाज सवर्ण आर्मी ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा. इस दौरान उन्होंने कहा कि संतोष वर्मा द्वारा हाल ही में ब्राह्मण समाज विशेष कर समाज की बेटियों के संबंध में अत्याधिक आपत्तिजनक और संवेदनशील एवं अभद्र टिप्पणी की है, जिससे पूरे समाज में आक्रोश है. उन पर कार्रवाई की मांग की गई है.**

बुधवार को सर्व समाज सवर्ण आर्मी के बैनर तले बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के लोग कलेक्टोरेट पहुंचे और मुख्यमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन दिया गया। इस दौरान उन्होंने बताया कि अजाक्स संगठन के प्रदेश अध्यक्ष एवं आईएएस अधिकारी संतोष वर्मा द्वारा ब्राह्मण समाज विशेष कर समाज की बेटियों के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणी की गई है. उन्होंने कहा कि इस टिप्पणी से न केवल एक समुदाय का अपमान हुआ है बल्कि समाज में वैमनस्यतता और तनाव उत्पन्न करने वाले मानसिकता को भी दर्शाता है. संतोष वर्मा के विरुद्ध विधि अनुसार एफआईआर दर्ज की जाए एवं तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाए. उन्होंने कहा कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उन्हें पद मुक्त कर विभागीय अनुशानात्मक कार्यवाही की जाए. उन्होंने कहा कि अगर प्रशासन और शासन द्वारा प्रकरण में समय पर उचित कार्रवाई नहीं की जाती है तो सर्व समाज एकत्रित होकर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन एवं प्रशासन की होगी.

**पुलिस पंचायत** | **बुजुर्ग दंपति पहुंचे पुलिस पंचायत, समझाइश के बाद परिवार में बनी सहमति**

# पांच जवान बेटों ने मां की जमीन पर किया कब्जा, कर रहे परेशान



नवभारत न्यूज

**विदिशा, अपनों के सताए परेशान बुजुर्ग दंपति की परेशानियों को सुलझाने के लिए शुरू की गई पुलिस पंचायत में बुधवार को भी कई मामले सामने आए जिसमें अधिकांश मामले बेटे और बहू द्वारा परेशान करने से संबंधित है. जिनमें से अधिकांश का पुलिस ने निराकरण किया तो कुछ मामलों में पीड़ित दंपतियों को अगली तारीख पर बुलाया गया है.**

पुलिस पंचायत की शुरूआत एसपी रोहित काशवानी ने की थी और सुनवाई एएसपी प्रशांत चौबे करते हैं. लगभग 70 वर्षीय दंपति ने शिकायत की कि उनके पांच बेटों द्वारा उनकी जमीन पर कब्ज़ा कर उन्हें प्रताड़ित किया जा रहा है। पंचायत में सभी पक्षों की बात सुनकर स्पष्ट किया गया कि माता-पिता अपनी संपत्ति पर पूर्ण अधिकार रखते हैं. समझाइश के बाद दोनों पक्ष सहमत हुए और बेटों ने माता-पिता से माफी मांगकर पैर स्पर्श किए.वहीं एक अन्य मामले में बताया गया कि पत्नी की पूर्व शादी से आया बेटा झगड़े कर तनाव उत्पन्न कर रहा है.पंचायत ने सामाजिक व विधिक स्थिति समझाई और विवाद से पूरे परिवार के प्रभावित होने की बात कही. समझाइश पर सौतेला बेटा अलग मकान में रहने के लिए तैयार हुआ. इसी तरह एक मामले में विदिशा से बाहर निवास करने वाले एक वरिष्ठ नागरिक ने शिकायत की कि उनका किरायेदार किराया नहीं दे रहा और मकान खाली भी नहीं कर रहा. पंचायत ने दोनों पक्षों को आगामी तिथि पर संयुक्त रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए.

# बीएलओ एवं टीम घर-घर जाकर भरवा रहे एसआईआर फॉर्म

नवभारत न्यूज

**हैदरगढ़ ,** मतदाता सूची अपडेट करने एवं हैदरगढ़ में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य जारी है जिसमें घर-घर जाकर स्ढ्ढक्र फॉर्म भरवा रहे हैं इस अभियान के तहत, बूथ लेवल ऑफिसर एवं अन्य सहयोगी दल घर-घर जाकर मतदाताओं से फॉर्म भरवा रहे हैं इसका मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन करना और नए पात्र मतदाताओं को इसमें शामिल करना है यह प्रक्रिया सुनिश्चित करती है कि मतदाता सूची सटीक और नवीनतम रहे स्ढ्ढक्रफॉर्म भरने के लिए आवेदकों को कुछ आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे. इनमें आधार कार्ड, राशन कार्ड, परिवार रजिस्टर की नकल, हाईस्कूल मार्कशीट, जन्म प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र शामिल हैं. इसके अतिरिक्त, 13 अन्य दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज भी प्रस्तुत किया.